नैया लगा दो आके पार

ओ खाटू वाले ओ खाटू वाले
थाम लो मेरी पतवार ओ बाबा
नैया लगा दो आके पार

कश्ती हमारी डूब ना जाए
तेरे सिवा इसे कौन बचाये
खाटू वाले लीले वाले
तुझसे खिवैया जब हो कन्हैया
क्या करे लहरों की धार कन्हैया
नैया लगा दो आके पार

कदम कदम पर ठोकर खायी
अपनी बातें सबको सुनाई
खाटू वाले लीले वाले
मुझ निर्बल का मुझ निर्धन का
बन जाओ तारणहार कन्हैया
नैया लगा दो आके पार

हमको भरोसा तुझ पर दाता
तू ही मेरा भाग्य विधाता
मेरे बाबा मेरे बाबा
हम हैं तुम्हारे तुम हो हमारे
कुंदन कहे ये बार बार कन्हैया
नैया लगा दो आके पार

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/15174/title/naiya-lga-do-aake-paar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |